Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding the alleged Coal Mafia Racket in Chhattisgarh

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव) : सभापति महोदय, वास्तव में, मैं आपको यह कहूं कि

छला गया था मांझी पहले अपने ही पतवारों से

और डोली लूटी राह में सहसा धोखेबाज कहारों से।

जिनके हाथ में सत्ता सौंपी गई, वही आज छत्तीसगढ़ को लूटने के लिए तैयार हो गए हैं। छत्तीसगढ़ संगठित भ्रष्टाचार, सट्टा, नशा और अपराध का गढ़ बन चुका है। राज्य सरकार के सर्वोच्च अधिकारी आईएएस अधिकारी, वे कोयला माफिया के रूप में कार्य कर रहे हैं। वे ऑनलाइन गेमिंग, सट्टा माफिया जैसे अवैध धंधे में संलिप्त हैं। हाल में कोयले से संबंधित वसूली का रैकेट ईडी ने पर्दाफाश किया है। जिसमें राज्य के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी की संलिप्तता सामने आई है।

महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि उच्च अधिकारियों एवं राजनीतिज्ञों के इस अवैध गठजोड़ से स्थिति काफी भयावह होती जा रही है। भारत सरकार शराब में हो रहे संगठित भ्रष्टाचार की भी जांच कोयले में हो रही जांच की तर्ज पर कराए। क्योंकि इस भ्रष्टाचार में स्वयं प्रदेश के मुखिया, मुख्यमंत्री … * संलिप्त हैं । (व्यवधान)

माननीय सभापति : नाम रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

श्री संतोष पान्डेय: महोदय, दुबई से संचालित भ्रष्टाचार में महादेव बुक हेल्पलाइन, जो सट्टा चल रहा है, उससे संबंधित है। उस पर भी जांच होनी चाहिए।…(व्यवधान)